आज आईआईएम का दीक्षांत समारोह

रांची। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), रांची के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन शनिवार को खेलगांव स्थित डॉ राम दयाल मुंडा कला भवन सभागार में होगा। सुबह 11.00 बजे से होनेवाले इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जयंत सिन्हा मौजूद होंगे।

समारोह में डिग्री/डिप्लोमा की 268 डिग्रियां बंटेंगी। इनमें एमबीए की- 179, एचआरएम की- 62, एक्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीईएक्सपी) की- 27 डिग्रियां/डिप्लोमा शामिल हैं। इसके अलावा आठ पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी।

Hindustan, 16.03.2019, Pg. 17